ailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com



Solved Question Bank (In Hindi)

फन्डामेन्टल ऑफ नर्सिंग

Fundamental of Nursing For GNM Students

Previous 5 Years Question Papers

As per the INC Syllabus

Arjita Sengar

2nd Edition

JAYPEE

अनुक्रमाणिका

SOLVED PAPERS

1. Fundamental of Nursing, November 2023 3
2. Fundamental of Nursing, November 2022 8
3. Fundamental of Nursing, December 2021 21
4. Fundamental of Nursing, February 2020 44
5. Fundamental of Nursing, August 2019 57

OTHER IMPORTANT QUESTIONS

6. Short Answers 79
7. Long Answers 123
8. Multiple Choice Questions 139
9. Fill in the Blanks 169
10. True and False 181

FUNDAMENTAL OF NURSING

February 2020

Course: General Nursing and Midwifery **Year:** First
Subject: Fundamental of Nursing **Code:** 4503
Time: 3 hours **M. Marks:** 75

1 Four options of answer of each question are given. Only one option is correct. Choose and write only correct option after writing question no. **(1 × 5 = 5)**

1.1 In which country Florence Nightingale was born:
(फ्लोरेन्स नाइटएंगल का जन्म किस देश में हुआ था।)
(a) America (अमेरिका)
(b) England (इंग्लैण्ड)
(c) Italy (इटली)
(d) France (फ्रांस)

उत्तर (c) Italy (इटली) 1

1.2 The art of breathing is:
(सांस लेने की क्रिया को कहते हैं।)
(a) Pulse (नाड़ी)
(b) Respiration (श्वसन)
(c) Rhythm (लय)
(d) Blood pressure (रक्तचाप)

उत्तर (b) Respiration (श्वसन) 1

1.3 BD means: (बी. डी. का अर्थ है।)
(a) Once a day (दिन में एक बार)
(b) Twice a day (दिन में दो बार)
(c) Thrice a day (दिन में तीन बार)
(d) At Night (रात में)

उत्तर (b) Twice a day (दिन में दो बार) 1

1.4 Drugs used to prevent fever: (बुखार रोकने के लिए दवा दी जाती है।)
(a) Antiemetic (एंटीएमेटिक)
(b) Antipyretic (एंटीपायरेटिक)

JAYPEE BROTHERS

(c) Analgesic (एनाल्जेसिक)
(d) Antacid (एंटासिड)

उत्तर (b) Antipyretic (एंटीपायरेटिक) 1

1.5 Stomatitis means: (स्टोमेटाइटिस से तात्पर्य है।)
(a) Inflammation of the gums (मसूड़ों की प्रदाह)
(b) Inflammation of the tongue (जीभ की प्रदाह)
(c) Inflammation of oral cavity (मुख गुहा की प्रदाह)
(d) Inflammation of tonsils (टांसिल्स की प्रदाह)

उत्तर (c) Inflammation of oral cavity (मुख गुहा की प्रदाह) 1

2. Choose right and wrong in the following statements: **5**

2.1 Passage of small amount of urine is called polyuria.
(सामान्य से कम मूत्र त्याग को पॉलीयूरिया कहते हैं।)

उत्तर गलत 1

2.2 Instrument used to measure blood pressure is known as thermometer.
(रक्तचाप को मापने वाली मशीन को थर्मामीटर कहते हैं।)

उत्तर गलत 1

2.3 Bed sure is also known as decubitus ulcer
(शय्या घाव का दूसरा नाम डेक्यूबिटस अल्सर है।)

उत्तर सही 1

2.4 Intramuscular injection is given 90°angle.
(इंट्रा मस्कुलर इंजेक्शन 90° में दिया जाता है।)

उत्तर सही 1

2.5 After birth BCG vaccine is given.
(बी.सी.जी. का टीका जन्म के बाद लगाते हैं।)

उत्तर सही 1

3 Fill up the blanks: **5**

3.1 Fowler's position is given at ..... degree.
फाउलर पोजीशन ..... डिग्री पर दिया जाता है।

उत्तर 45° 1

3.2 Difficulty in breathing is called .....
सांस लेने में कठिनाई को ..... कहते हैं।

उत्तर Dyspnea 1

3.3 Hospital acquired infection is known as .....
अस्पताल का अधिग्रहण संक्रमण ..... के रूप में जाना जाता है।

उत्तर Nosocomial 1

JAYPEE BROTHERS

3.4 When pulse rate is increased than normal it is called .....
जब नाड़ी दर सामान्य से बढ़ जाती है तो उसे ..... कहते हैं।

उत्तर Tachycardia 1

3.5 Fever is also known as .....
बुखार का दूसरा नाम ..... है।

उत्तर Pyrexia

4. Write short notes on any 4 of the following 5

4.1 Qualities of a good nurse. (एक अच्छी नर्स के गुण।)

उत्तर अच्छी नर्स में निम्नलिखित गुण होने चाहिए–

- देखभाल करने की प्रवृत्ति (Caring attitude) का होना।
- रोगी के प्रति चिंता का भाव रखना। (Concern toward patient)
- रोगी के प्रति सहानुभूति का भाव रखना। (Sympathy toward patient)
- अपने प्रोफेशनल एवं व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखना। (Poise)
- नर्स को अपने कार्य के प्रति अनुशासित होना चाहिए। (Self disciple)
- ईमानदार होना नर्स का सबसे बड़ा महत्वपूर्ण गुण है। (Honesty)
- नर्स को अपने व्यक्तिगत रख–रखाव पर भी ध्यान देना चाहिए। (Personal appearance should be good)
- नर्स लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान तभी रख सकती है जब वह स्वयं स्वस्थ हो। (Healthy)
- कार्यक्षेत्र में अपने साथी कर्मियों एवं अधीनस्थ कर्मियों के साथ स्नेह एवं अच्छे संबंध रखना। (Good interpersonal relationship)
- सबसे जरूरी है, नर्स को अपने प्रोफेशन के बारे में वैज्ञानिक ज्ञान एवं कौशल होना चाहिए। (Scientific knowledge and skills)
- उसमें धैर्य एवं शांतिप्रियता का गुण भी होना चाहिए। (Patient and Peace)

NURSE शब्द के आधार पर उसके पाँच गुणों की व्याख्या इस प्रकार की गई है:
N = Nobility (श्रेष्ठता)
U = Usefulness (उपयोगिता)
R = Responsible (उत्तरदायी)
S = Sympathy (सहानुभूति)
E = Efficiency (कार्यक्षमता)

4.2 Care of fever. (बुखार में देखभाल।)

उत्तर वर्ष 2019 की प्रश्न संख्या 5.5 देखें।

JAYPEE BROTHERS

4.3 Admission procedure of the patient. (रोगी की भर्ती प्रक्रिया।)

उत्तर रोगी को अस्पताल में भर्ती करने की प्रक्रिया (Admission procedure of a patient in a hospital)

रोगी की अस्पताल में दो प्रक्रिया द्वारा भर्ती होती है–

1. आपातकालीन भर्ती (Emergency admission)
   - इस प्रक्रिया द्वारा उन रोगियों को भर्ती किया जाता है जिनकी स्थिति संवेदनशील (critical) होती है तथा समय पर उपचार न मिलने पर इनकी मृत्यु हो सकती है।
   - रोगी यदि आपात स्थिति में अस्पताल आता है तो उसे आकस्मिक चिकित्सा विभाग (Casualty ward) में भर्ती किया जाता है।
   - भर्ती होने के बाद रोगी का तुरंत उपचार शुरू कर दिया जाता है ताकि उसकी जीवन रक्षा की जा सके।
   - रोगी की स्थिति स्थिर होने तक उसे Casualty ward में ही रखा जाता है तथा उसके बाद अन्य वार्ड में भेज दिया जाता है।
   - यह भर्ती 24 घंटे में किसी भी वक्त की जा सकती है।
2. सामान्य भर्ती (Routine admission)
   - इसमें रोगी पहले OPD में उपचार के लिए आता है।
   - यदि रोगी के अधिक चिकित्सा या शल्य चिकित्सा या अवलोकन की आवश्यकता है तो उसे Doctor द्वारा निर्धारित समय पर निर्धारित वार्ड में भर्ती किया जाता है।
   - यह भर्ती अस्पताल के कार्यकाल (Working hour) में की जाती है।
   - इस प्रक्रिया द्वारा उन रोगियों की भर्ती की जाती है जिनकी स्थिति अधिक गंभीर नहीं हैं, या जिनकी शल्य चिकित्सा करनी है, या जो दीर्घकालिक रोग से ग्रस्त है।

4.4 Basic human needs. (बुनियादी मानवीय जरूरतें।)

उत्तर वर्ष 2019 की प्रश्न संख्या 4.5 देखें।

4.5 Prevention of nosocomial infection. (चिकित्सीय जनित संक्रमण की रोकथाम।)

उत्तर अस्पताल में इन्फेक्शन की रोकथाम के उपाय (Step to prevent nosocomial infection in hospital)

- हाथ की सफाई (Hand hygiene)
  - किसी भी कार्य या विधि को करने से पहले एवं बाद में हाथ धोएँ।
  - किसी भी संदूषित सामान, रक्त या स्राव के संपर्क पर आने पर भी हाथ धोएँ।
  - सामान्य एवं नियमित हाथ साफ करने के लिए साबुन का प्रयोग करें।

JAYPEE BROTHERS

- विशेष कर Sterile तकनीक से पहले जीवाणुनाशक एजेंट (Antimicrobial agent) से हाथ साफ करें।

- हमेशा व्यक्तिगत सुरक्षा कवच पहनें (Always wear personal protective equipment)
  - Gloves– हमेशा रोगी के कार्य को करते समय Gloves पहनें तथा किसी प्रकार के रक्त एवं स्राव को Gloves के बिना न छुएँ।
  - मास्क, आँखों का कवच एवं चेहरे का कवच (Mask, eye shield and face shield)– ऐसी कोई भी प्रक्रिया या विधि करते समय, जिसमें रक्त के छिटकने या फैलने का खतरा हो, उपरोक्त सभी वस्तुओं का प्रयाग करें।
  - गाऊन (Gown)– जब भी कपड़ों के रक्त या स्राव द्वारा संदूषित होने की संभावना हो तो गाऊन का प्रयोग करना चाहिए।
- धारदार एवं नुकीली वस्तुओं का सुरक्षित निष्कासन (Safe disposal of sharps)– जैसे सुई, Scalpel, glass Ampules आदि का उचित प्रकार से Disinfection और फिर निष्कासन किया जाना चाहिए।
- Disinfection एवं Sterilization– रोगी द्वारा निष्कासित Secretion एवं Blood component को अच्छी तरह Disinfect करना चाहिए।
  - रोगी के वातावरण को समय–समय पर Disinfect करते रहना चाहिए।
  - सामान्य साफ–सफाई प्रतिदिन की जानी चाहिए।
- Biomedical waste management
  - अस्पताल द्वारा उत्पन्न कूड़े को उचित प्रकार से Color coding द्वारा निष्कासित किया जाना चाहिए।
- शारीरिक स्त्राव एवं रक्त का प्रबंधन (Management of body secretions and blood)
  - यदि Blood या Secretion फैल जाता है (Spillage) तो उस स्थान को ठीक प्रकार से Disinfect कर साफ करना चाहिए।
- रोगी–देखभाल उपकरण (Patient care equipment)
  - पुनः प्रयोग किए जा सकने वाले उपकरणों को तब तक दोबारा प्रयोग न करें जब तक कि वो अच्छी तरह से साफ एवं Disinfect न हो जाएँ।
- रोगी का एकाकीकरण (Isolation of patient)
  - यदि रोगी संक्रमित या दूषित है तो उसे एकांत (Isolation) में रखें।

4.6 Purpose of medication. (औषधि देने के उद्देश्य।)

उत्तर दवाई देने के उद्देश्य (Purpose of medication)

- रोग का निदान (Diagnose disease): दवाओं का प्रयोग बीमारी के लिए किया जाता है, जैसे mannitol रोगी के मूत्र को इकट्ठा करने एवं जाँच

JAYPEE BROTHERS

के लिए प्रयोग किया जाता है। Sodium iodide 131 रेडियोएक्टिविटी (radioactivity) के लिए ताकि thyroid gland के परीक्षा की जा सके।

- रोग का निवारण (Prevention of disease)– बहुत सारी दवाएँ रोगों की रोकथाम के लिए भी प्रयोग की जाती है जैसे बच्चों में टीकाकरण उन्हें जानलेवा संक्रमक रोगों से बचाता है। उच्च रक्तचाप की दवा जो व्यक्ति को गहन हृदय रोग से बचाती है।
- रोगों का उपचार (Treatment of disease)– रोगों का उपचार दवाओं का सबसे मुख्य प्रयोग है। दवाएँ रोगी की बीमारी, लक्षणों एवं जटिलताओं के उपचार में प्रयोग की जाती हैं। जैसे बुखार आने पर antipyretic दवा दर्द होने पर analgesic दवा आदि।
- सामान्य कार्यप्रणाली स्थापित करने के लिए (To Restore normal function)— बहुत दवाएँ सामान्य कार्यप्रणाली स्थापित करने में प्रयोग की जाती है विटामिन की कमी को पूरा करने के लिए विटामिन की दवा, नींद न आने की समस्या के उपचार के लिए नींद की दवा आदि।
- हस्तक्षेप थैरेपी में प्रयोग (Use in interventional therapies)— दवाएँ कई प्रकार की interventional थैरेपी में प्रयोग की जाती हैं जैसे surgery के समय बेहोशी की दवा देना (anesthesia) देना आदि।

5. Answer in details any four of the following.

5.1 Define oral hygiene. What are the purposes of oral hygiene? Explain nurse's responsibility in mouth care.

मुख की स्वच्छता को परिभाषित कीजिए। इसके उद्देश्य क्या है? मुख की स्वच्छता में नर्स की जिम्मेदारी के बारे में लिखिए।

उत्तर मुँह की स्वच्छता (Oral hygiene)

मुँह की स्वच्छता का अर्थ है वह अभ्यास जिसमें मुँह एवं दांतो की सफाई की जाती है ताकि मुँह एवं दांतो से संबंधित समस्याओं से जैसे कीड़े लगना, मुँह में बदबू आदि को दूर किया जा सके।

मुँह की देखभाल में नर्स की जिम्मेदारियाँ (Responsibility of nurse in mouth care)

- उच्च जोखिम रोगी की पहचान (Identification of high risk patient)
  नर्स को सबसे पहले उन रोगियों की पहचान करनी चाहिए जिनमें उपेक्षित मुँह एवं उससे होनी वाली जटिलताओं की संभावना अधिक होती है। यह रोगी हैं–
  - तीव्र बुखार रोगी (Patient with high fever)
  - अचेत रोगी (Unconscious patient)
  - गंभीर रूप से बीमार रोगी (Critically ill patient)
  - पक्षाघात ग्रस्त रोगी (Paralyzed patient)

JAYPEE BROTHERS

for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebroth

Solved Question Bank (In Hindi)

फन्डामेन्टल ऑफ नर्सिंग
Fundamental of Nursing

विशेष गुण (Salient features)

- इस पुस्तक में पिछले पाँच वर्ष के पूर्ण समाधित (Fully solved) प्रश्न पत्र दिए गए हैं।
- हिन्दी एवं अंग्रेज़ी, दोनों ही भाषा का प्रयोग किया गया है ताकि भाषा को सरल एवं समझने में आसान बनाया जा सके।
- हिन्दी के संग अंग्रेज़ी के शब्दों का भी प्रयोग किया गया है ताकि यह पुस्तक, दोनों भाषाओं में पढ़ने वाले बच्चों को लाभ पहुँचाए।
- प्रश्न पत्र के अलावा अन्य महत्वपूर्ण एवं संभावित प्रश्न तथा विगत वर्षों में आए प्रश्न भी Short notes एवं Long notes के रूप में पुस्तक में दिए हैं, जिससे इसमें 2010 से सभी प्रश्न पत्र के उत्तर मिल जाएँगे।
- अभ्यास के लिए अतिरिक्त MCQ's, Fill in the blanks एवं True/false भी दिए गए हैं, जो किसी न किसी नर्सिंग परीक्षा में आए हैं।
- प्रश्न के उत्तरों को आसान भाषा में पॉइंट्स में लिखा है तथा जहाँ आवश्यक है वहाँ Flowcharts का भी प्रयोग किया है, ताकि उत्तर याद रखने में आसानी रहे।

अर्जिता सेंगर ने BSc (Nursing), Maharashtra University of Health Sciences, नासिक से किया है तथा वह यूनिवर्सिटी की 'Gold Medalist' रही हैं। उन्होंने MSc (Obstetric and Gynecological Nursing), Rajiv Gandhi University of Health Sciences, Bangalore से किया है। साथ ही उन्होंने Symbiosis Centre of Health Care, Pune से Postgraduate Diploma, Hospital and Healthcare Management भी प्राप्त किया है। उन्होंने अपने विषय नर्सिंग में वर्ष 2023 में PhD की डिग्री भी प्राप्त की है। इनको 13 वर्ष से भी अधिक teaching experience है। Research के क्षेत्र में भी काफी अग्रसर हैं। कई राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय Journal में इनके पेपर पब्लिश हुए हैं तथा कई पेपर प्रेजेंट भी कर चुकी हैं। वह लेखन में विशेष रूचि रखती हैं तथा कई संस्थानों की वार्षिक पत्रिकाओं की संपादक भी रह चुकी हैं।

Printed in India

Available at all medical bookstores
or buy online at www.jaypeebrothers.com



JAYPEE BROTHERS
Medical Publishers (P) Ltd.
EMCA House, 23/23-B, Ansari Road,
Daryaganj, New Delhi - 110 002, INDIA
www.jaypeebrothers.com

Join us on facebook.com/JaypeeMedicalPublishers

